जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्र0/जीविवि/परीक्षा–2/गोपनीय/2015/133 दिनांक 19.11.2015

प्रति,

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष,
समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय,
जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर (म0प्र0)

विषयः– दिनांक 24.11.2015 से प्रारंभ होने वाली स्नातक बी0ए0,बी0एस0सी0,बी0कॉम0बी0एस0सी0 (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर परीक्षा नवम्बर 2015 में सत्र 2014–15 से पूर्व में प्रवेशित ए0टी0के0टी0 छात्रों को परीक्षा में सम्मिलित न करने बावत्।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख है कि विश्वविद्यालय द्वारा स्नातक बी0ए0,बी0एस0सी0,बी0कॉम0बी0एस0सी0 (होम साइंस) प्रथम सेमेस्टर (सत्र 2014–15 से पूर्व प्रवेशित छात्रों की ए0टी0के0टी0 परीक्षा) के लिए प्रथक अधिसूचना जारी कर ए0टी0के0टी0 परीक्षा आवेदन पत्र भरवाये गये है। क्योंकिं सत्र 2014–15 से पूर्व प्रवेशित छात्रों का पाठ्यक्रम सत्र 2014–15 एवं सत्र 2015–16 में प्रवेशित छात्रों के पाठ्यक्रम से भिन्न है।

सत्र 2014–15 से पूर्व प्रवेशित छात्रों की ए0टी0के0टी0 परीक्षा विश्वविद्यालय द्वारा प्रथक से शीघ्र सम्पन्न कराई जावेगी। जिसका विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा आगामी दिवसों में जारी किया जायेगा।

सभी प्राचार्य एवं वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष यह सुनिश्चित करें कि दिनांक 24–11–2015 से प्रारंभ होने वाली स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में सत्र 2014–15 से पूर्व प्रवेशित कोई भी ए0टी0के0टी0 छात्र परीक्षा में सम्मिलित न हो, यदि कोई परीक्षार्थी गलती से परीक्षा में सम्मिलित होता है तो उसका पूर्ण उत्तरदायित्व छात्र एवं महाविद्यालय का होगा। और ऐसे छात्रों का परीक्षा परिणाम विश्वविद्यालय द्वारा घोषित नहीं किया जावेगा। और ऐसे छात्रों की विश्वविद्यालय द्वारा कोई प्रथक से परीक्षा संपादित नहीं कराई जावेगी।

सत्र 2014–15 से पूर्व प्रवेशित छात्रों के लिए ए0टी0के0टी0 परीक्षा का कार्यक्रम विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र प्रथक से घोषित किया जावेगा।

समस्त वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों से यह सुनिश्चित करें कि दिनांक 24.11.2015 से प्रारंभ होने वाली स्नातक प्रथम सेमेस्टर परीक्षा में केवल सत्र 2015–16 के नियमित/असंस्थागत एवं सत्र 2014–15 में प्रवेशित नियमित–ए0टी0के0टी0/असंस्थागत–ए0टी0के0टी0 के ही छात्र परीक्षा में सम्मिलित होकर परीक्षा दे रहे है।

परीक्षा अत्यावश्यक कार्य में सहयोग प्रदान करें।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः–

1. प्राचार्य, शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर।
2. प्राचार्य, ओम शिव महाविद्यालय कराहल श्योपुर
3. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
4. कुलसचिव के निज सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
5. उप/सहायक–कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय) जीवाजी विश्वविद्यालय ग्वालियर।
6. एम0पी0 ऑनलाईन प्रभारी, भोपाल ।

उप–कुलसचिव(परीक्षा)